कपडे/पोशाक के नाम हिंदी और अंग्रेजी में

samanyagyan.com/hindi/gk-people-clothes-name

विभिन्न प्रकार के कपडे/पोशाकों के अंग्रेजी और हिंदी नाम: (List of Dress or Clothes Names in Hindi)

पोशाक का अर्थ:

मनुष्य की भौतिक उपस्थिति के पहलू के रूप में वेशभूषा संहिता वस्त्र धारण करने का लिखित नियम है (जो विभिन्न समाज में अलग हो सकता है हालांकि पश्चिमी शैली को सामान्यतः मान्य माना जाता है)। मानव की भौतिक उपस्थिति के अन्य पहलुओं की तरह वस्त्रों का सामाजिक महत्व है। वेशभूषा संहिता में निहित नियम या संकेत होते हैं जो व्यक्ति के कपड़ों और उन्हें पहनने के तरीके से दिए जा रहे संदेश को इंगित करते हैं।

यह संदेश व्यक्ति के लिंग, आय, व्यवसाय और सामाजिक वर्ग, राजनैतिक और जातीय संबद्धता, आराम के प्रति उसके रवैये और दृष्टिकोण, फ़ैशन, परंपराओं, अभिव्यक्ति, वैवाहिक स्थिति, इत्यादि को संप्रेषित कर सकता है। कपड़े निजी या सांस्कृतिक पहचान का बयान या दावा, सामाजिक समूह के मानकों की स्थापना, अनुरक्षण या अवहेलना और आराम और कार्यक्षमता की सराहना सहित अन्य सामाजिक संदेश भी संसूचित कर सकते हैं।

पोशाक का महत्व:

वर्तमान समय में आपकी पोशाक को देखकर ही आपके व्यक्तित्व के बारे में पता करके चरित्र का मूल्यांकन किया जा सकता है। आजकल तो आप किस धर्म से सम्बन्ध रखते है इसका ज्ञान भी आपकी पोशाक को देखकर ही हो जाता है। इस तरह के बहुत से उदाहरण दिए जा सकते है जैसे: यदि कोई व्यक्ति सफ़ेद कुर्ता पहने हुए है और सिर पर सफेद टोपी भी पहने हुए होता है तो इससे उसके नेता या समाज सेवक होने का पता लगता है। इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति सभ्य कपड़े जैसे कोट पैंट पहने हुए है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह कोई बड़ा अधिकारी या किसी क्षेत्र में उच्च पद पर काम करने वाला व्यक्ति है। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि पोशाक से व्यक्ति की पहचान होती है। पोशाक का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। पोशाक मात्र शरीर को ढाकने के लिए नहीं होती है। यह हमें मौसम की मार से बचाती है। मनुष्य की पहचान भी उसकी पोशाक से पता चलती है। पोशाक से उसकी हैसियत, पद तथा समाज में उसके स्थान का पता चलता है। पोशाक मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारती है। जब हम किसी से मिलते हैं, तो पहले उसकी पोशाक से प्रभावित होते हैं तथा उसके व्यक्तित्व का अंदाज़ा लगाते हैं। पोशाक जितनी प्रभावशाली होगी लोग उतने अधिक प्रभावित होगें।

विभिन्न प्रकार के कपडे/पोशाकों के अंग्रेजी और हिंदी नाम की सूची:

Word	Pronunciation	Meaning
Shirt	शर्ट	कमीज़
Trousers	ट्राउज़र्स	पतलून

Pant	पैंट	पैंट
Pyjama	पाजामा	पाजामा
Coat	कोट	कोट
Overcoat , Chester	ओवरकोट , चेस्टर	बड़ा कोट
Handkerchief	हैंडकरचीफ़	रुमाल
Gloves	ग्लव्स	दस्ताने
Belt	बैल्ट	कमरबन्द
Underwear	अंडरवियर	जांघिया
Socks	सॉक्स	छोटा मोज़ा
Stockings	स्टॉकिंग्स	मोज़े
Cap	कैप	टोपी
Hat	हैट	अंग्रेज़ी टोपी
Suit	सूट	कोट- पतलून
Shirting	शर्टिंग	कमीज़ का कपड़ा
Suiting	सूटिंग	सूट का कपड़ा
Pocket	पॉकेट़	जेब
Laces	लेसिस	तसमें
Veil	वेल	घूंघट
Long Skirt	लॉन्ग स्कर्ट	लहंगा
Skirt	स्कर्ट	घाघरा
Bodice	बॉडिस	चोली
Scarf	स्कार्फ़	दुपट्टा
Cloth	क्लॉथ	कपड़ा
Clothes	क्लॉद्स	कपड़ें

Muffler	मफ़लर	गुलूबन्द
Mattress	मैट्रेस	गद्दा
Sheet	शीट	चादर
Blanket	ब्लैंकेट	कम्बल
Quilt	क्वि्ल्ट	रज़ाई
Towel	टॉवेल	तौलिया
Gown	गाउन	लबादा, चोगा
Uniform	यूनिफ़ॉर्म	वर्दी
Turban	टर्बन	साफा
Chintz	चिंट्स	छींट
Trimming	ट्रिमिंग	झालर
Border	बॉर्डर	किनारा
Thread	थ्रैड	धागा
Button	बटन	बटन
Tape	टेप	फीता
Darning	डार्निंग	रफू
Cotton	कॉटन	रुई
Silk	सिल्क	रेशम
Damask	डैमस्क	रेशमी वस्त्र, बेलबूटेदार
Velvet	वेल्वेट	मखमल
Linen	लिनेन	मलमल
Wool	वूल	ऊन
Yarn	यार्न	सूत

You just read: Vibhinn Prakaar Ke Kapade/poshaakon Ke Angrejee Aur Hindi Naam